दिनांकः 17.08.2024 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी ने ग्लोबल साउथ देशों से एक–दूसरे की ताकत बनने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।
- प्रदेशभर में डॉक्टरों की हड़ताल के कारण चिकित्सा व्यवस्था रही प्रभावित।
- उदयपुर में चाकूबाजी की घटना पर उपजे तनाव के बाद आज स्थिति नियंत्रण में–शहर में पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता तैनात।

और

- प्रदेश के पश्चिमी जिलों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा–कल भरतपुर, कोटा, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभागों में मध्यम वर्षा का पूर्वानुमान।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल साउथ के देशों से एकजुट होने तथा एक दूसरे की ताकत बनने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने आज तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ सम्मेलन में अपने वर्चुअल सम्बोधन में अनिश्चितता और चुनौतीपूर्ण मौजूदा वैश्विक माहौल पर चिंता व्यक्त की। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि ये देश जलवायु परिवर्तन के साथ–साथ स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा की चिंताओं का सामना कर रहे हैं।

--------------------

प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि भारत ग्लोबल साउथ के सभी देशों के साथ अपने अनुभव और क्षमताओं को साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, क्षमता निर्माण और कौशल विकास के क्षेत्रों में ग्लोबल साउथ देशों के साथ साझेदारी में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि आज की चर्चा ग्लोबल साउथ देशों द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयासों को बढ़ावा देगी। श्री मोदी ने भारत की ओर से एक व्यापक वैश्विक विकास समझौते का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि इस समझौते की नींव भारत की विकास यात्रा और विकास साझेदारी के अनुभव पर आधारित होगी। शिखर सम्मेलन में ग्लोबल साउथ के देश विकास की चुनौतियों, प्राथमिकताओं और समाधानों पर विचार–विमर्श जारी रखेंगे। इस शिखर सम्मेलन का विषय – सतत भविष्य के लिए सशक्त ग्लोबल साउथ है।

000

कोलकाता में महिला रेंजीडेन्ट डॉक्टर की हत्या के विरोध में आज प्रदेशभर के सरकारी और निजी डॉक्टर कार्य बहिष्कार पर रहे। घटना के विरोध में रेजीडेंट डॉक्टर पहले से ही हड़ताल पर हैं। भरतपुर जिले के आरबीएम अस्पताल, जनाना अस्पताल सहित विभिन्न अस्पतालों में चिकित्सक सेवाएं प्रभावित रहीं। बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सकों की छुट्टी रद्द कर दी गई हैं। बालोतरा, डूंगरपुर, झालावाड़, भीलवाड़ा में भी चिकित्सकों की हड़ताल के कारण अस्पतालों में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। दौसा में ओपीडी सेवाएं पूरी तरह बाधित रहीं, हालांकि इमरजेंसी सेवाएं जारी रही। सवाईमाधोपुर में चिकित्सकों ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। चित्तौडगढ और नागौर में चिकित्सकों और नर्सिंग कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। श्रीगंगानगर में प्रशासन की ओर से हड़ताल के मद्देनजर आवश्यकता होने पर ऑन कॉल डॉक्टर बुलाने और यूटीबी तथा पीएचसी से चिकित्सक बुलाने के निर्देश जारी किये गये हैं।
चिकित्सकों के राष्ट्रव्यापी कार्य बहिष्कार को लेकर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रखने के लिए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग द्वारा समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं को सामान्य बनाए रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई हैं। चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि सभी जिला अस्पतालों और अन्य चिकित्सा संस्थानों में आईपीडी और आपातकालीन सेवाएं संचालित की गई। कुछ जिलों में ओपीडी सेवाएं भी सुचारू रहीं।

000

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों से जनहित में काम पर लौटने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने कहा है कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों का सुझाव देने के लिए एक समिति बनाई जाएगी। साथ ही राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों से सुझाव साझा आमंत्रित किये जायेंगे। विभिन्न डॉक्टर्स एसोसिएशन ने कार्यस्थल पर स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा और संरक्षा को लेकर अपनी मांगें रखी हैं। मंत्रालय ने स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है।

000

चीन के पेइचिंग में आयोजित 17वें अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलिम्पियाड में भारतीय छात्रों के दल ने तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं। ओलिम्पियाड का आयोजन 8 से 16 अगस्त के बीच हुआ। चार सदस्यों वाली टीम में राजस्थान सहित गुजरात, केरल और छत्तीसगढ के छात्र शामिल थे। अर्थ सिस्टम प्रोजेक्ट और इंटरनेशनल टीम फाइल्ड इन्वेस्टीगेशन वाली श्रेणियों में उन्हें ये पुरस्कार मिले। पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ0 जितेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर भारतीय टीम को बधाई दी है।

000

-----------------

उदयपुर शहर में कल उपजे तनाव के बाद आज स्थिति नियंत्रण में है। शांति व्यवस्था के लिए जगह–जगह पुलिस ज़ाब्ता तैनात किया गया है। ज़ोनल मजिस्ट्रेट के साथ रिजर्व पुलिस बल के अतिरिक्त ज़ाब्ते को लगाया गया है। उदयपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि नगर निगम ने आरोपी के परिवार को नोटिस देकर अवैध निमार्ण ध्वस्त कर दिया गया है। इधर, जिला प्रशासन ने आगामी आदेश तक सरकारी और निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। उदयपुर के निकटवर्ती जिलों में भी इस घटना के बाद सतर्कता बढा दी है। गौरतलब है कि कल एक छात्र को सहपाठी द्वारा चाकू मारने की घटना के बाद उदयपुर में स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। इस बीच, जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल से तीन सदस्यीय चिकित्सकों के दल को उदयपुर भेजा गया है।

राज्य में सभी स्कूलों में कैंची–चाकू लेकर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में दिशा–निर्देश जारी किये हैं। उदयपुर में हुए हिंसक घटनाक्रम के बाद शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों के स्कूल बैग की जांच करने के आदेश जारी किये हैं, अगर इसके बावजूद किसी स्टूडेंट द्वारा लापरवाही की जाती है तो विद्यार्थी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

000

राज्य के पश्चिमी जिलों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। यहां बीते 24 घंटों के दौरान सबसे ज्यादा 14–14 सेंटीमीटर बारिश जैसलमेर के नाचना और लाठी में हुई। इसके अलावा पोकरण में 12, बीकानेर के नोखा में 9, नागौर के जायल में 8 सेंटीमीटर पानी बरसा। जैसलमेर के नाचना नहरी क्षेत्र में आज कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश का दौर

बना रहा। टोंक के बीसलपुर बांध में पानी की आवक बनी हुई है। बांध का जल स्तर 313 दशमलव एक एक आरएल मीटर हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार कल कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभागों में हल्की से मध्यम वर्षा का पूर्वानुमान है। बीकानेर के नोखा में आज शाम चार बालिकाओं की तालाब में डूबने से मौत हो गई । राणासर तालाब में यह बच्चियों पानी भरने गई थी । इस दौरान पैर फिसलने और एक दूसरे को बचाने के चक्कर में ये हादसा हुआ।

000

सवाईमाधोपुर में अतिवृष्टि के बाद खरीफ फसलों मे फडका कीट की आशंका को देखते हुए कृषि विभाग की ओर से कीट से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खेतों के किनारे कचरा अलाव या पुराने टायर जलाकर फडका कीट का प्रकोप कम किया जा सकता है। विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे कृषि पर्यवेक्षक सहायक अधिकारी से सलाह लेकर ही रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग करें।

000

राज्य में त्यौहारी सीज़न के दौरान माप–तोल में गडबडी रोकने के लिए कंज्यूमर केअर अभियान शुरू किया गया है। खाद्य और उपभोक्ता मामलात मंत्री सुमित गोदारा के निर्देश पर आज से 27 अगस्त तक पूरे राज्य में यह अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में शिकायत का निराकरण 3 घंटे में किया जायेगा।

000

अजमेर में महिला पुलिस कर्मियों के लिए रक्षाबंधन पर कल और परसों का अवकाश घोषित किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। महिला पुलिस कर्मियों ने पुलिस अधीक्षक के इस आदेश की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है।

000

टोक्यो पैरालिंपिक के स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल और शॉट–पुट स्टार भाग्यश्री जाधव पेरिस पैरालिंपिक के उद्‌घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे। पैरालिंपिक खेल 28 अगस्त से 8 सितंबर तक होंगे। इन खेलों में 84 एथलीट भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। पैरालिंपिक खेलों में देश का यह अब तक का सबसे बड़ा दल है।

टोक्यो पैरालिंपिक में कुल 54 एथलीटों ने देश का प्रतिनिधित्व किया था। सुमित पुरुषों की भाला फेंक एफ 64 श्रेणी में मौजूदा पैरालिंपिक चैंपियन हैं।

0000

भारतीय वायु सेना–आईएएफ और भारतीय सेना ने संयुक्त रूप से 15 हजार फीट ऊंचाई वाले क्षेत्र में क्रिटिकल ट्रॉमा केयर क्यूब का पहली बार पैरा–ड्रॉप ऑपरेशन किया। इन क्रिटिकल ट्रॉमा केयर क्यूब्स को भारत स्वास्थ्य पहल प्रोजेक्ट भीष्म के तहत स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह ऑपरेशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मानवीय सहायता और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया है। ऑपरेशन के दौरान आईएएफ ने क्यूब को एयरलिफ्ट करने और सटीक रूप से पैरा–ड्रॉप करने के लिए अपने उन्नत सामरिक परिवहन विमान सी–130 जे सुपर हरक्यूलिस का उपयोग किया।

000

जयपुर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम, सीवरेज, और नालों की सफाई का आज प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित तथा नगर निगम, हाउसिंग बोर्ड और जेडीए के अधिकारी भी साथ रहे। यह निरीक्षण शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के लिये श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं।

000